Date: 24.12.2024

# छात्रों को आयुर्वेद का महत्व बताया

**देहरादून।** उत्तरांचल मेडिकल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद एंड रिसर्च (यूएमसीएआर) में बीएएमएस सत्र 2024-2025 का प्रथम दीक्षारंभ कार्यक्रम (वेदारंभ) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएएमएस के 100 छात्र-छात्राओं ने आयुर्वेद में अपने शैक्षणिक यात्रा का प्रारंभ किया।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ धनवंतरी वंदना से हुई। बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरूण कुमार त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन एवं प्रेरणा दी। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जितेन्द्र जोशी ने छात्रों को आयुर्वेद का महत्व बताया। साथ ही छात्र-छात्राओं को ध्यान लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। बतौर विशिष्ट अतिथि आयुर्वेद विविके उप रजिस्ट्रार डा. संजीव कुमार पाण्डेय, विवि की उपाध्यक्ष अंकिता जोशी, कुलपति प्रो. धर्मबुद्धि, उप कुलपति प्रो. राजेश बहुगुणा ने भी विचार व्यक्त किये। डा. हर्षिता जोशी ने नृत्य व डा. दीपक प्रसाद रतूड़ी ने गायन की प्रस्तुति दी। यूएमसीएआर के प्रिंसिपल डा. रवि जोशी ने सभी का आभार जताया।



देहरादून : यूएमसीएआर में कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

**यूएमसीएआर का प्रथम दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित**

इससे पूर्व यूएमसीएआर के निदेशक डा. अमित भट्ट ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डा. सतविंदर कौर और डा. बुशरा द्वारा किया गया।

इस मौके पर डा. विभूति, डा. राजीव कुमार, डा. विद्यारानी जोशी, डा सविता पंवार, डा. नंदनी, डा. शिवांगी, डा. सोनाली पुरोहित, डा. रूपाली पुरोहित, डा. रिचा भट्ट, डा. मुदित चौहान, डा. आमिर खान, चंद्रमोहन, माधव आदि मौजूद थे।

# कॉलेज के 100 छात्र दीक्षारंभ में हुए शामिल

देहरादून। उत्तरांचल मेडिकल कॉलेज आफ आयुर्वेद एवं रिसर्च में प्रथम दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दाखिला लेने वाले बीएएमएस के 100 छात्र-छात्राओं हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आज नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। संवाद